भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 253

उत्तर देने की तारीख 08.12.2022

खादी प्राकृतिक पेंट

253 . श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर :
श्री देवजी पटेल:
श्री सुनील कुमार सिंह:
श्री लल्लू सिंह:
श्री अरुण साव:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने कच्चे माल के रूप में गाय के गोबर का उपयोग करके खादी प्राकृतिक पेंट के निर्माण को बढ़ावा देने की कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में अब तक स्थापित ऐसी पेंट विनिर्माण इकाइयों की संख्या कितनी है और इनसे राज्य-वार कितना रोजगार सृजित किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा देश भर में विशेषकर महाराष्ट्र, झारखंड, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रति वर्ष पशु अतिरिक्त आय अर्जित करने के साथ-साथ रोजगार सृजन के प्रयोजन से प्राकृतिक पेंट विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) एवं (ख) जी, हां। एमएसएमई मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की एक इकाई कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान (केएनएचपीआई), जयपुर द्वारा कच्चे माल के रूप में गाय के गोबर से खादी प्राकृतिक पेंट विकसित किया गया है। केएनएचपीआई, जयपुर ने खादी प्राकृतिक पेंट विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए 92 उद्यमियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। देश में खादी प्राकृतिक पेंट विनिर्माण इकाइयों का राज्य-वार विवरण **संलग्न** है।

(ग) केएनएचपीआई, जयपुर ने खादी प्राकृतिक पेंट के विनिर्माण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग, रायपुर के साथ प्रौद्योगिकी अंतरण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

केवीआईसी ने प्राकृतिक पेंट विनिर्माण में प्रशिक्षण देने के लिए बैंगलोर (कर्नाटक), भुवनेश्वर (ओडिशा), गुवाहाटी (असम), नासिक (महाराष्ट्र) और पंजोखेड़ा (यूपी) में स्थित पांच विभागीय बहु-अनुशासनात्मक प्रशिक्षण केंद्रों (एमडीटीसी) और खादी ग्रामोद्योग विद्यालय-सेवापुरी (यूपी) एवं दीनदयाल अनुसंधान संस्थान (डीआरआई)-चित्रकूट (एमपी), में स्थित दो गैर-विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों को चिन्हित किया है ।

* * * * *

<u>दिनांक 08.12.2022 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 253 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>

देश में खादी प्राकृतिक पेंट विनिर्माण इकाईयों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	इकाइयों की संख्या
1	असम	1
2	आन्ध्र प्रदेश	1
3	बिहार	5
4	छत्तीसगढ़	3
5	गुजरात	7
6	हरियाणा	2
7	झारखंड	2
8	कर्नाटक	4
9	मध्य प्रदेश	10
10	महाराष्ट्र	21
11	ओड़िशा	3
12	राजस्थान	13
13	तेलंगाना	2
14	तमिलनाडु	2
15	उत्तर प्रदेश	13
16	उत्तराखंड	2
17	पं. बंगाल	1
	कुल इकाइयां	**92**